खुलासा स्कूटी की डिक्की से दिनदहाड़े ढाई लाख रूपए चोरी करने के आरोप में दो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

चोरी के बाद आपस में बांटे रूपए, पार्टी भी की

नवभारत, कटनी। बड़वारा थाना क्षेत्र में स्कूटी की डिग्गी से दिनदहाड़े ढाई लाख रुपए चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस ने दो मोटर साइकिल जब्त करने के साथ ही चोरी के 26 हजार रूपए बरामद कर लिए हैं।

पुलिस ने बताया कि बड़वारा थाना अंतर्गत 3 जून 2026 को गुड़ाकला गांव निवासी राधा विश्वकर्मा पिता लेखराम विश्वकर्मा ने शिकायत दर्ज कराई कि वह गांव में एस बैंक पेनियर वाय चलाती हूं। 1 जून को अपनी स्कूटी स्टेट बैंक विलायत कला के सामने खड़ी की और बैंक के अंदर चली गईं। स्कूटी की डिग्गी में एक बैग रखा था, जिसमें लेडीज पर्स में 500-500 रुपए के नोटों के रूप में कुल 2.50 लाख रुपए नकद थे। जब वह बैंक से अपना काम खत्म करके लौटीं और कुछ सामान

खरीदने के लिए डिग्गी खोली, तो उन्हें बैग गायब मिला। अज्ञात चोरों ने स्कूटी की डिग्गी को ऊपर की तरफ खींचकर नोटों से भरा बैग चुरा लिया था। फरियादिया की रिपोर्ट पर बड़वारा पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर दो युवकों को हिरासत में लिया। पुलिस पूछताछ में संदेहियो ने अपने एक अन्य साथी के साथ चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वारदात को अंजाम देने में उनके साथ पिंटू यादव नाम का एक तीसरा आरोपी भी शामिल था। चोरी करने के बाद तीनों ने आपस में 80-80 हजार रुपए बांट लिए थे, जबकि बचे हुए 10 हजार रुपए उन्होंने खाने-पीने और मौज-मस्ती में खर्च कर दिए। वारदात के कुछ दिनों बाद पिंटू यादव अपने हिस्से की रकम लेकर बिहार भाग गया। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों ने बताया कि वारदात को अंजाम देने के बाद वे बिना नंबर की होंडा शाइन और होंडा शाइन यूनिकॉर्न से उमरिया जिले के पाली थाना अंतर्गत महरोई गांव पहुंचे। वहां उनकी पहचान के रामकुमार बैगा के घर पर उन्होंने खाना खाया। पकड़े जाने के डर से सुमित ने अपनी बिना नंबर की मोटरसाइकिल वहीं खड़ी कर दी और मोटरसाइकिल के साइड पैनल को खोलकर प्लास्टिक की पन्नी में लपेटकर चोरी के पैसे छिपा दिए। पुलिस ने आरोपियों के मेमोरेंडम कथन के आधार पर दबिश देकर बताए गए स्थान से दोनों मोटरसाइकिलें जब्त कीं। साथ ही सुमित के कब्जे से 14 हजार रूपए और संजय के कब्जे से 12 हजार रुपए बरामद कर लिए हैं।

पकड़े गए आरोपी युवक अनूपपुर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत भोलगढ़ गांव निवासी सुमित सिसोदिया पिता राधेश्याम सिसोदिया (30 वर्ष) और संजय सिसोदिया पिता टीकम सिसोदिया (38 वर्ष) हैं। आरोपियों को पकड़ने में बड़वारा थाना प्रभारी एसआई केके पटेल, एसआई व्हीएस जायसवाल, एएसआई महेश प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक नितेश डोंगरे, आरक्षक गौरीशंकर राजपूत, आरक्षक शिवप्रकाश तिवारी और आरक्षक बृजलाल प्रजापति की विशेष भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मोर्य, डीएसपी रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई है।

ऑटो में क्षमता से अधिक छात्र, लटककर जाने को मजबूर

हादसों से भी सबक नहीं ले रहे जिम्मेदार अधिकारी

नवभारत, कटनी। जिले के बड़वारा ग्राम से संदीपनी विद्यालय के बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। यहां नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राएं हर दिन अपनी जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंचने को मजबूर हैं। एक ऑटो रिक्शा में निर्धारित क्षमता से अधिक छात्रों को ले जाया जा रहा है। ऑटो रिक्शा में बच्चे आगे सीट में बैठने के अलावा खतरनाक तरीके से पीछे भी लटके हुए हैं। छात्रों की सुरक्षा से लगातार खिलवाड़ किया जा रहा है। ऑटो रिक्शा में क्षमता से कई गुना अधिक बच्चों को ठूंस-ठूंस कर बिठाया गया है। कुछ छात्र तो ऑटो के पीछे लटके हुए भी देखे जा रहे हैं। सड़क की खराब स्थिति और इस तरह की ओवरलोडिंग के कारण किसी भी समय बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। लोगों का कहना है कि सरकारी नीति के अनुसार इन विद्यालयों में पढ़ने वाले ग्रामीण और दूर-दराज के छात्र-छात्राओं के लिए नि:शुल्क बस या अनुबंधित वाहनों की व्यवस्था का प्रावधान है, इसके बावजूद बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इस मामले ने पुलिस और स्कूल प्रबंधन की घोर लापरवाही और उदासीनता को उजागर किया है। ओवरलोडेड ऑटो का गुजरना और पुलिस का मूकदर्शक बने रहना पूरी प्रणाली पर ही सवालिया निशान खड़े कर रही है। हर दिन ऑटो रिक्शा में न सिर्फ छात्र बल्कि सवारी को खतरनाक तरीके से ले जाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में ऑटो के पीछे सवारी को लटके हुए आमतौर पर देखा जा सकता है। पिछले दिन ही एक ऑटो रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया था, जिसके कारण छात्र चोटिल हो गए थे।

एक नजर में

अवैध वसूली पर होगी कार्रवाई, तलब किया जवाब

नवभारत, कटनी। नगर निगम में सफाई कर्मचारियों से अवैध रूप से धनराशि मांगने की वार्ड क्रमांक 2 के सफाई कर्मचारियों के शिकायती पत्र को गंभीरता से लेते हुए निगम आयुक्त तपस्या परिहार के निर्देश पर वार्ड क्रमांक 2 के प्रभारी वार्ड दरोगा भरत गौर, को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। कर्मचारियों की शिकायत के आधार पर मामले की जांच प्रारंभ करते हुए संबंधित वार्ड प्रभारी को तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम उपयुक्त प्रियंका झारिया द्वारा जारी सूचना पत्र के अनुसार वार्ड क्रमांक-2 के समस्त सफाई कर्मचारियों द्वारा संयुक्त आवेदन प्रस्तुत कर शिकायत की गई है कि प्रभारी द्वारा कर्मचारियों से 3-3 हजार रुपए की मांग की गई। राशि नहीं देने पर कार्य से हटाने और अन्य वार्डों में स्थानांतरण कराने, पेंशन, अन्य प्रकरणों में विलंब किए जाने जैसी धमकी दिए जाने का भी उल्लेख शिकायत में किया गया है। शिकायत में इस प्रकार का आचरण कर्मचारी आचरण संहिता के विपरीत बताया गया है। नगर निगम उपायुक्त ने मामले को गंभीर मानते हुए संबंधित प्रभारी को तीन दिवस के भीतर अपना पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया जाता और आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाते हैं, तो नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

मिथ्याछाप मसाला बेचने पर 45 हजार रूपए का जुर्माना

नवभारत, कटनी। मिथ्याछाप गरम मसाला विक्रय और संग्रहण के मामले में न्याय निर्णायक अधिकारी नीलांबर मिश्रा ने खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए पोस्ट ऑफिस गली रोड स्थित मेसर्स सुमित किराना के संचालक पर 45 हजार रुपए का आर्थिक दंड लगाया है। सुनवाई के दौरान दुकान संचालक को नोटिस तामील किया गया, लेकिन अनुपस्थित रहा और कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया। जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है।

जर्जर छत के नीचे पढ़ाई करने मजबूर नौनिहाल

बारिश में हर समय हादसे की आशंका, जिम्मेदार उदासीन

नवभारत, बाकल। शिक्षा का मंदिर कहे जाने वाले सरकारी स्कूलों की बदहाल तस्वीरें सरकारी दावों की पोल खोल रही हैं। बहोरीबंद विकासखंड के कूड़ा संकुल केंद्र अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय बघराज खुर्द में मासूम बच्चे ऐसी जर्जर छत के नीचे पढ़ाई करने को मजबूर हैं, जिसकी हालत देखकर किसी का भी दिल दहल जाए। विद्यालय की छत का प्लास्टर पूरी तरह उखड़ चुका है और अंदर की लोहे की सरिया खुलकर बाहर दिखाई दे रही है। जगह-जगह दरारें और सीलन इस बात की गवाही दे रही हैं कि भवन कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

बारिश के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। छत से लगातार पानी रिसने के कारण भवन की मजबूती प्रभावित हो रही है। ऐसे हालात में शिक्षक और छात्र-छात्राएं हर दिन जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। छत का कोई भी हिस्सा गिरने की आशंका से विद्यालय में हर समय भय का माहौल बना रहता है। इतना ही नहीं, ग्राम पंचायत इमलिया के शासकीय प्राथमिक शाला मड़ईयन टोला (सरकवारा) तथा शासकीय प्राथमिक शाला भक्ता टोला की स्थिति भी बेहद चिंताजनक बनी हुई है। दोनों विद्यालयों के भवन जर्जर अवस्था

में हैं। बारिश के दौरान छत से पानी टपकता है, जिससे कक्षाओं में पढ़ाई प्रभावित होती है और छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों की सुरक्षा पर भी लगातार खतरा मंडराता रहता है। इसके बावजूद इन विद्यालयों में नियमित रूप से कक्षाएं संचालित की जा रही हैं।

ग्रामीण रंजीत राय का कहना है कि ग्राम पंचायत इमलिया के शासकीय प्राथमिक शाला मड़ईयन टोला (सरकवारा) के जर्जर भवन की स्थिति से जिला एवं जनपद स्तर के अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। इसके बावजूद अब तक न तो भवन की मरम्मत कराई जा रही है और न ही छात्र-छात्राओं के लिए कोई वैकल्पिक सुरक्षित व्यवस्था की जा रही है। उनका कहना है कि बारिश के मौसम में जर्जर भवन में पढ़ाई कराना बच्चों और शिक्षकों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। यदि समय रहते आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और प्रशासन की होगी। अभिभावकों ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से मांग की है कि शासकीय प्राथमिक विद्यालय बघराज खुर्द, शासकीय प्राथमिक शाला मड़ईयन टोला (सरकवारा) एवं शासकीय प्राथमिक शाला भक्ता टोला का तत्काल तकनीकी निरीक्षण कराकर जर्जर भवनों की मरम्मत अथवा नए भवनों का निर्माण कराया जाए।

साथ ही जब तक स्थायी व्यवस्था नहीं होती, तब तक छात्र-छात्राओं के लिए सुरक्षित वैकल्पिक भवन में कक्षाएं संचालित की जाएं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से पहले नौनिहालों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

इस मामले में उपयंत्री शाहिद खान का कहना है कि जर्जर विद्यालय भवनों का निरीक्षण कर रिपोर्ट संबंधित विभाग को भेज दी गई है। विभाग से राशि जारी होते ही भवनों के सुधार कार्य शुरू कराए जाएंगे। साथ ही छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जल्द ही वैकल्पिक भवन की व्यवस्था भी की जाएगी।

मौत का अड्डा बना स्टेट हाइवे, आवारा मवेशियों से हादसों का खतरा

प्रमुख मार्ग पर रहता है आवारा मवेशियों का जमावड़ा

नवभारत, बाकल। बुंदेलखंड और महाकौशल क्षेत्र को जोड़ने वाला राज्यमार्ग-48 इन दिनों आवारा मवेशियों के कारण जानलेवा साबित हो रहा है। कुआं, पिपरिया, बहोरीबंद, पटना, बरही, बरतरा, बाकल, मझगवां, पटोरी सहित मार्ग से लगे कई गांवों के सामने दिन और रात 50 से 100 मवेशियों के झुंड सड़क पर डेरा जमाए रहते हैं। तेज रफ्तार वाहनों और सड़क पर बैठे मवेशियों के कारण लगभग रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें लोग असमय काल के गाल में समा रहे हैं या गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। इसके बावजूद समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। बारिश के मौसम में

स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है। रात के समय मवेशी सड़क की गर्म सतह पर झुंड बनाकर बैठ जाते हैं। अंधेरा, बारिश और अचानक सामने आने वाले मवेशियों के कारण वाहन चालकों को संभलने का मौका तक नहीं मिलता। कई बार मवेशियों को बचाने के प्रयास में वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। बहोरीबंद विकासखंड में संचालित पांच गौशालाएं आवारा मवेशियों की समस्या दूर करने में नाकाम साबित हो रही हैं। प्रत्येक गौशाला की क्षमता लगभग 100 पशुओं की है, जबकि सड़कों और खेतों में इससे कई गुना अधिक मवेशी खुले घूम रहे हैं। ऐसे में गौशालाओं का उद्देश्य अधूरा नजर आ रहा है और सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। सड़कों पर आवारा मवेशियों की बढ़ती संख्या से स्पष्ट है कि पशुपालकों द्वारा उन्हें खुला छोड़ दिया जा रहा है। वहीं ग्राम पंचायतों और संबंधित विभागों की ओर से भी इन्हें सड़क से हटाने के लिए प्रभावी अभियान नहीं चलाया जा रहा है। परिणामस्वरूप राज्यमार्ग-48 पर सफर करना जोखिम भरा बन गया है। आवारा मवेशी सिर्फ सड़क हादसों का कारण ही नहीं बन रहे, बल्कि मार्ग किनारे बोई गई खरीफ फसलों को भी लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसानों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। शिकायतों के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।

शिक्षा प्रोत्साहन के तहत ऑनलाइन आवेदन शुरू

नवभारत, कटनी। दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री दिव्यांगजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ है। इस योजना के माध्यम से पात्र विद्यार्थियों को लैपटॉप एवं मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल जैसे उपयोगी संसाधनों का लाभ प्रदान किया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी 31 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

106 वारंटियों को पकड़ा, गुंडे और निगरानी बदमाशों की हुई जांच

पुलिस ने पूरे जिले में चलाया कॉम्बिंग गश्त अभियान

नवभारत, कटनी। जिले में अपराध और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में कॉम्बिंग अभियान चलाया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया और डीएसपी मुख्यालय रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान पुलिस

टीमों ने फरार वारंटियों, निगरानीशुदा, गुंडा बदमाशों, जिलाबदर अपराधियों, असामाजिक तत्वों के संभावित ठिकानों पर दबिश देकर व्यापक कार्रवाई की। अभियान का उद्देश्य लंबित वारंटों की तामील, फरार अपराधियों की गिरफ्तारी और जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करना रहा। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान छह स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया, जबकि 67 गिरफ्तारी वारंटों का निष्पादन किया गया। इसके अलावा 33 जमानती वारंट और 27 समंस तामील किए गए। कुल 106 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। कॉम्बिंग अभियान के तहत 34 गुंडा बदमाशों और 35 निगरानीशुदा अपराधियों के घर पहुंचकर उनकी गतिविधियों का सत्यापन किया गया। वहीं दो जिलाबदर बदमाशों की भी जांच की गई। अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत 11 प्रकरण दर्ज किए गए। सार्वजनिक स्थानों पर अवैध हथियार लेकर घूमने वाले दो लोगों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक व्यक्ति के खिलाफ धारा 170 बीएनएसएस, 45 लोगों के खिलाफ बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई है।

कार्यक्रम सायना इंटरनेशनल स्कूल ने श्रद्धा और गर्व के साथ मनाया 20वां स्थापना दिवस

शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ अंक और डिग्री नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा है

नवभारत, कटनी। शैक्षिक उत्कृष्टता के दो दशकों की एक गौरवशाली उपलब्धि को अपने आंचल में समेटे सायना इंटरनेशनल स्कूल ने 9 जुलाई 2026 को अपना 20 वाँ स्थापना दिवस श्रद्धा और गर्व के साथ मनाया। इस अवसर ने संस्थान की उस उल्लेखनीय यात्रा को दर्शाया जिसमें अकादमिक श्रेष्ठताएं अनुशासनए नवाचार और मूल्य आधारित शिक्षा के माध्यम से नव राष्ट्र के संवाहकों को गढ़ने के साथ साथ ही गौरवशाली सायना विरासत को लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। उत्सव की शुरुआत पारंपरिक पूजन से हुई, जिसे निदेशक प्राचार्य डॉ आदित्य कुमार शर्मा, प्रबंधन प्रतिनिधि ऋषि अरोड़ा,

हेडमास्टर बोर्डिंग डॉ लोकेश दुबे, हेडमास्टर डे स्कूल कमल सरेचा, प्राथमिक समन्वयक सुश्री रीत मोंगा, डीके झा, सीएस पांडेय और श्वेता पांडेय ने विधिपूर्वक संपन्न कराया। उन्होंने संस्थान की लगातार प्रगति, समृद्धि और उत्कृष्टता की साधना के लिए दैवीय आशीर्वाद की कामना की। इसके बाद एक पवित्र हवन का आयोजन हुआ, जिसमें शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ सन् 2007 से सेवा दे रहे डी ग्रुप स्टाफ से मिंटू यादव, रामकिशोर और आनंद कुमार ने भी हवन कर पुण्य अर्जित किया। इस क्रम में एक भावपूर्ण आयाम जोड़ते हुए वर्षा सिंह बघेल, दिनेश शर्मा और डीण सी मिश्रा ने मधुर भजनों से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके भजनों ने एक शांत और आध्यात्मिक माहौल बनाया, जो संस्थान की सांस्कृतिक परंपरा को दर्शाता था। इस अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए निदेशक प्राचार्य डॉ आदित्य कुमार शर्मा ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी विद्यालय की असली पहचान उसके विद्यार्थियों से होती है। आज जब हमारे छात्र विभिन्न क्षेत्रों में अपना नाम रोशन कर रहे हैं, तो हमें गर्व के साथ कहना पड़ता है कि सायना अपने उद्देश्य में सफल हो रहा है। एक शिक्षक के रूप में मेरा मानना है कि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ अंक और डिग्री नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा है। हमारे शिक्षक इसी भावना के साथ बच्चों को गढ़ रहे हैं। मैं सायना की चेयरपर्सन डॉ निधि पाठक प्रबंधन और समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त करता हूँ जिनके सहयोग से हम निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। आशा है कि सायना आने वाले समय में शिक्षाए संस्कार और संस्कृति का आदर्श केंद्र बनेगा।

इस अवसर पर सायना की सायना की चेयरपर्सन डॉक्टर निधि पाठक, सचिव श्रीमती निर्मला पाठक , विधायक संजय पाठक, मैनेजमेंट प्रतिनिधि ऋषि अरोरा, समस्त स्टाफ और अभिभावकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम प्रभारी अभिनव खरे ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया,। सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।